# Samyak
An Institute For Civil Services

# RAS - 23 MAINS TEST SERIES

## सिद्धि-II - 017

**Time : 3 Hours** (Paper - I) **Maximum Marks : 200**

### सामान्य ज्ञान व सामान्य अध्ययन
### General Knowledge & General Studies

| Name : | MARKS | | |
|---|---|---|---|
| Enroll. No.: | Part | Att. Ques. | Marks Obtained |
| Date of Birth : | Unit- I | | 40 |
| Medium : हिन्दी | Unit - II | | 38 |
| E-mail : | Unit - III | | 30 |
| Exam Date : 2/06/2024 | Total | | 108 |
| Evaluator's Code / Reviewer's Code | | Invigilator's Signature | Student's Signature |

अनुदेश (Instructions)

1. परीक्षा शुरू होने से पहले पुस्तिका को जाँच लें।
   Please check the booklet before commencement of the exam.

2. अंक योजना प्रत्येक खंड के प्रारम्भ में दी गई है।
   The marking scheme is given at the start of every section.

3. अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए, इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।
   Candidates should not write more than the prescribed word limit in answers, violating this may result in deduction of marks.

4. अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाईन से बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।
   Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.

SAMYAK, Near Riddhi Siddhi, Gopalpura Bypass, Jaipur, 9875170111
Test Series Helpline & Whatsapp - 9414988860, Email Id - samyaktestseries@gmail.com

| | REVIEW PARAMETERS | Good | Above Average | Average | Below Average |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | DOES THE ANSWER ADDRESS THE DEMAND OF THE QUESTION? | | | | |
| a. | Answer Relevancy | | | | |
| b. | Answer Enrichment points like use of. · Key Terms/ Subject Vocabulary. Use of Commission/ report/ government publication/ judgements, etc. Association with the Current Affairs and use of examples to explain the concept and idea | | | | |
| 2. | HOW WELL IS THE ANSWER PRESENTED? | | | | |
| a. | Structure - Intro, Body, Conclusion | | | | |
| b. | Presentation – Using Subheadings/ points/ highlighting/ flowcharts/ diagrams/ maps | | | | |
| c. | Language & Grammar | | | | |
| d. | Word limit | | | | |

Detailed Comments / Feedback / Suggestions for Improvement
विस्तृत टिप्पणियाँ/फीडबैक/सुधार के लिए सुझाव :-

1. ⊕ अच्छा प्रयास है निरंतर बनाये रखे
2. ⊕ सभी प्रश्नो मे बहुत अच्छा किया है निरंतर
3. अभ्यास करते रहे बेहतर परिणाम मिलेगा।
4. ⊖ आप छोटे-प्रश्नो मे सुधार करके और अच्छा
5. करने का प्रयत्न करे।
6. ⊕ नियमित अध्ययन करके Next Test मे और
7. बेहतर करने का प्रयास करे।
8.
9.
10.
11.

Unit – I
(यूनिट – I)

(70 Marks)
(70 अंक)

Part – A
भाग - अ

Marks : 10
अंक : 10

**Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.**
नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. सवाई जयसिंह व बालाजी बाजीराव के मध्य सम्पन्न 'धौलपुर समझौता' के किन्हीं दो प्रावधानों को लिखिए।
**Write any two provisions of the 'Dholpur Agreement' concluded between Sawai Jai Singh and Balaji Bajirao.**

18 may 1741 — 1 — पेशवा को मालवा की सूबेदारी प्रदान की गई

वर्ष 1845 ईस्वी में सवाई जयसिंह (जयपुर) एवम पेशवा बालाजी बाजीराव के मध्य हुए इस समझौते के तहत ① दिल्ली के मुगल साम्राज्य एवम मराठा राज्य की सीमा निर्धारित की गयी ② मराठों द्वारा जयपुर पर आक्रमण नहीं करने का प्रस्ताव आदि प्रावधान किए गये

→ पेशवा को चम्बल के पूर्व व दक्षिण में नजराना व पेशकश लेने का अधिकार होगा।

(Write above this line only)

2. रामस्नेही सम्प्रदाय की प्रमुख पीठों व उनके प्रवर्तक संतों के नाम लिखिए।
**Write the names of the main Peethas/Shrines of Ramsnehi sect and their founder saints.**

1½

रामस्नेही सम्प्रदाय की निम्न पीठें हैं
① शाहपुरा ([illegible]) प्रवर्तक - रामचरण दासजी
② रेण → दरियावजी ③ खेड़ापा → रामसुखदासजी / रामदासजी
④ सिंहथल - हरिरामदासजी

(Write above this line only)

3. पुनर्जागरण के आधारभूत स्तम्भों के नाम लिखिए।
Write the names of the basic pillars of Renaissance.

(1) मानववाद व तर्कवाद का उदय (5) महमर्ग का उदय
(2) यूरोप के प्राचीन ज्ञान की खोज (6) धर्मयुद्ध (क्रूसेड)
(3) इटली में नये नगरों का विकास (7) वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा
(4) कुस्तुनतुनिया का पतन।

1½

(Write above this line only)

4. 'सत्रीय विधा' पर टिप्पणी लिखिए।
Write a note on 'Satriya Vidha'.

असम में प्रचलित शास्त्रीय नृत्य के इस रूप का विकास श्री शंकरदेव द्वारा किया गया था। इसमें प्रमुख कलाकार - इन्दीरा बहन, अंजना सुन्दरी, मेना सुन्दरी आदि है।

2

(Write above this line only)

5. 'कार्नवालिस संहिता' पर टिप्पणी लिखिए।
Write a note on 'Cornwallis Code'.

1793
1893 में लार्ड कार्नवालिस द्वारा लायी गयी यह संहिता शक्ति पृथक्करण एवम् कानून की विशिष्टता पर आधारित थी
इसके प्रावधान - (1) कलेक्टर से न्यायिक शक्तियाँ लेकर उसे भू राजस्व की शक्तियाँ दी गयी।
(2) न्याय हेतु चार अपीलीय कोर्ट - पटना, ढाका, मुर्शिदाबाद, कलकत्ता में बना
(3) पुलिस दरोगा का पद शुरू किया गया।

1½

(Write above this line only)

## Part – B
## भाग - ब

(30 Marks)
(30 अंक)

Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 50 शब्द में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

1. राजपूताने की राजनीति में मराठाओं/मराठा शासकों के प्रसार के कारणों को लिखिए।
Write the reasons for the spread of Marathas/Maratha rulers in Rajputana politics.

2½

राजस्थान की राजनीति में मराठाओं का सर्वप्रथम प्रवेश बूंदी राज्य से हुआ, जो धीरे-धीरे पूरे राजपूताने में फैल गया, इसके निम्न कारण थे - (1) बूंदी के उत्तराधिकार का विवाद (भावसिंह-बुधसिंह) एवम् उसमें सवाई जयसिंह का हस्तक्षेप → राजपूताना में सार्वकीय महत्वाकांक्षा
(2) जयपुर में सवाई जयसिंह के उत्तराधिकारी माधोसिंह-ईश्वरी सिंह का विवाद।
(3) उदयपुर में भीमसिंह आदि के समय उत्तराधिकार विवाद → हुरड़ा सम्मेलन की विफलता
(4) जोधपुर में विजयसिंह आदि का विवाद
(5) राजपूताने के शासकों में एकता का अभाव → उत्तराधिकार के स्पष्ट नियमों का अभाव
(6) शासकों व सामन्तों के आपसी विवाद आदि।

(Write above this line only)

2. राजस्थान में आधुनिक शिक्षा के विकास/उत्थान के सन्दर्भ में अंग्रेजों द्वारा किए गए प्रयासों पर प्रकाश डालिए।
Throw light on the efforts made by the British in the context of development/upliftment of modern education in Rajasthan.

राजस्थान में आधुनिक शिक्षा के उत्थान हेतु अंग्रेजों द्वारा
(1) संस्थागत प्रयास → जेम्स कैरी द्वारा अजमेर में प्रेसबिटेरियन संस्था का निर्माण अजमेर में लिथोप्रेस की स्थापना, बेप्टिस्ट संस्था का निर्माण
(2) कॉलेज → कर्नल वॉल्टर की पहल पर राजपूताने के राजपुत्रों हेतु अजमेर में मेयो कॉलेज की 1875 में स्थापना
(3) जयपुर, जोधपुर, भरतपुर आदि में कॉलेजों की स्थापना में सहायता एवम् उन्हे विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध करने में सहायता।

3

(Write above this line only)

3. औद्योगिक क्रांति के परिणामस्वरूप उत्पन्न सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों को लिखिए।
Write the positive and negative effects that arose as a result of the industrial revolution.

यूरोप मे 1758 के पश्चात शुरू हुई औद्योगिक क्रांति के अनेक परिणाम प्रतिफलित हुए जो है

(3)

| | सकारात्मक परिणाम | नकारात्मक परिणाम |
| --- | --- | --- |
| (1) आर्थिक | बैंकिंग व्यवस्था, शेयर बाजार, पूंजीवाद की शुरुआत | अमीर व गरीब वर्ग का निर्माण एवम् इनमे वर्गसंघर्ष को बढावा |
| (2) वैज्ञानिक | वैज्ञानिक खोजों (फ्लेमिंग, वल्लरीह्रिम) को बढावा, साहसिक प्रयोगों की उत्पत्ति | इससे आगे चलकर रासायनिक हथियारों आदि के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ |
| (3) सामाजिक | जीवन रक्षक दवाओं का आविष्कार, जीवन स्तर में सुधार | गरीबी, मलिन बस्तियों आदि को बढावा। |
| (4) राजनीतिक | पूंजीवाद, अधिक उत्पादन आदि को बढावा | उपनिवेशवाद व साम्राज्यवाद को बढावा। |

कुटीर उद्योग का विनाश
नवीन सामाजिक वर्ग व मध्यम वर्ग का उदय

(Write above this line only)

4. अमेरिका में बोस्टन टी पार्टी की प्रतिक्रिया स्वरूप ब्रिटिश संसद द्वारा बनाये गये नियमों/कानूनों को लिखिए।
Write the rules/laws made by the British Parliament in response to the Boston Tea Party in America.

16 दिसम्बर 1773 ईस्वी में सेमुअल एडम्सन के नेतृत्व में हुई बोस्टन टी पार्टी की घटना के बाद अंग्रेजों द्वारा निम्न नियम बनाए गये – (1) बोस्टन बन्दरगाह को तब तक नहीं खोला जाएगा जब तक चाय का हर्जाना नहीं दिया जाता।

(2) चाय की आपूर्ति अमेरिकियों हेतु रोक दी गयी।

(3) टाउनशेड अधिनियम आदि द्वारा करों एवम् शुल्कों में वृद्धि।

(3)

(4) घटना के अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति रोक दी गयी।

(Write above this line only)

5. "ब्रिटिश भारत में हुए सामाजिक-सांस्कृतिक सुधार आन्दोलनों के सकारात्मक के साथ नकारात्मक प्रभाव भी उत्पन्न हुए।" स्पष्ट कीजिए।
"The socio-cultural reform movements in British India produced both positive and negative effects." Explain.

ब्रिटिश भारत में 20वीं एवं 21 सदी में नवजागरण स्वरूप हुए सामाजिक सांस्कृतिक आन्दोलनों से दोनों प्रभाव इंगित हुए यथा

| सकारात्मक परिणाम | नकारात्मक परिणाम |
| --- | --- |
| ① अंधविश्वास एवम् आडम्बर की समाप्ति | ① शुद्धि आन्दोलन द्वारा हिन्दु-मुस्लिम वैमनस्य को बढ़ावा |
| ② सती प्रथा की समाप्ति, विधवा पुनर्विवाह को बल | ② रूढ़िवादियों द्वारा इसे धार्मिक प्रथाओं पर चोट माना गया यथा तिलक आदि द्वारा सम्मति आयु अधिनियम का विरोध |
| ③ अस्पृश्यता, जातीय विद्वेष पर चोट | ③ सामाजिक तनाव को बढ़ावा |
| ④ सांस्कृतिक पुनरुत्थान से राष्ट्रवाद का उदय | |

(Write above this line only)

6. वर्तमान में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शास्त्रीय भाषाओं के नाम लिखते हुए शास्त्रीय भाषा के वर्गीकरण का आधार बताइये।
Write the names of classical languages currently recognized by the Government of India and state the basis of classification of classical language.

वर्तमान में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शास्त्रीय भाषाएं है - ① संस्कृत ② तमिल ③ तेलुगू ④ मलयालम ⑤ असमिया ⑥ ओडिशी आदि

वर्गीकरण का आधार

① विस्तृत साहित्य
② व्याकरण ③ शब्दकोश
④ विलुप्ति की आशंका
⑤ भाषा बोलने वाला वर्ग आदि।

(Write above this line only)

[Examiner's red annotations: "कन्नड़"; "→ भाषागत साहित्य में मौलिकता"; "NEP-2020 के तहत पाली, प्राकृत तथा फारसी भाषा को भी शास्त्रीय भाषा की मान्यता प्रदान करने की बात उल्लेखित है।"; marks "6", "2½"]

## Part – C
## भाग - स

(30 Marks)
(30 अंक)

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 100 words each. Each Question carries 10 marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

1. राजस्थान में भील/आदिवासी विद्रोह के कारणों को लिखते हुए भीलों/आदिवासियों में जनजागृति की विचारधारा को प्रसारित करने के सन्दर्भ में गोविन्द गिरि के द्वारा किए गए प्रयासों पर प्रकाश डालिए।

**While writing the reasons for the Bhil/tribal rebellion in Rajasthan, throw light on the efforts made by Govind Giri in the context of spreading the ideology of public awareness among the Bhils/tribals.**

राजस्थान के भील आदिवासी क्षेत्रों में अंग्रेजों एवम् बाहरी वर्गों के हस्तक्षेप से इनमें विद्रोह की ज्वाला भड़की इसके कारण निम्न थे → (1) अंग्रेजों द्वारा बोलाई कर (जो राहगीरों से वसूला जाता था) की समाप्ति। → भीलों पर नवीन कर लगाने का प्रयास

(2) जनजातीय क्षेत्रों में साहूकारों, बंटाईदारों, सूदखोरों के प्रवेश से इस क्षेत्र के लोगों में असंतोष की व्याप्ति।

→ उदयपुर रियासत द्वारा [illegible]

(3) अंग्रेजों द्वारा रिखबदेव (कालाजी) मन्दिर को राज्य नियंत्रण में लिया जाना

(4) ईसाई मिशनरियों द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में धर्मान्तरण

(5) अंग्रेजों द्वारा वन अधिनियमों के तहत जनजातियों को वन अधिकारों से वंचित किया जाना आदि। (5)

(गोविन्द गिरी के प्रयास) - (1) आदिवासियों में एकता हेतु सम्प सभा की 1883 ईस्वी में स्थापना (2) दशनामी पन्थ जिसमें आचार विचार के दस नियम (चोरी न हो करना, मद्यनिषेध आदि) निर्धारित थे इसकी शुरुआत की गयी। → भगत पंथ की स्थापना

(3) आदिवासियों को नैतिक जीवन हेतु प्रेरणा

(4) मानगढ़ धाम पर इनमें जागृति हेतु सम्मेलन (1913)

(5) भुरेटिया नी मानु की भावना से अंग्रेजों का विरोध एवम् धर्मान्तरण पर रोक का प्रयास आदि प्रयासों से गोविन्द गिरी द्वारा जनजातियों में राष्ट्रवाद, एकीकरण की भावना का प्रचार प्रसार किया गया था।

2. प्रथम विश्वयुद्ध के परिणामस्वरूप उत्पन्न राजनीतिक व आर्थिक परिणामों पर लेख लिखिए।
Write an article on the political and economic consequences that arose as a result of the First World War.

1918 में समाप्त हुए प्रथम विश्वयुद्ध का आकलन जब खून से सनी मानवता द्वारा किया गया तो इसके अनेक राजनीतिक व आर्थिक कारण निकलकर सामने आए, यथा

(1) राजनीतिक कारण - (1) यूरोप के साम्राज्यवादी ओज की समाप्ति
(2) नाजीवाद एवम् फासीवाद जैसी कुत्सित विचारधाराओं का इस युद्ध के बाद से जन्म, जो द्वितीय विश्वयुद्ध का कारण बनी।
(3) ऑटोमन साम्राज्य, रूस के रोमनॉफ, ऑस्ट्रिया के हेप्सबर्ग एवम् हंगरी के होहेनजोलर्न राजवंशों की समाप्ति।
(4) ऑटोमन साम्राज्य से मिस्र, मोरक्को आदि राष्ट्र अलग हुए
(5) बेल्जियम एवम् लक्जमबर्ग की तटस्थता भंग कर दी गयी
(6) रोमानिया, बुल्गारिया आदि नये राष्ट्रों का जन्म
(7) ब्रिटिशों की अजेयता का भ्रम टूटा
(8) भारत में खिलाफत एवम् असहयोग आन्दोलन को बल मिला।

आर्थिक परिणाम - (1) लगभग 1 खरब डॉलर का नुकसान
(2) ब्रिटेन आदि को आर्थिक क्षति
(3) वस्तुओं की कीमतों में अतिशय वृद्धि, भारतीय कच्चे माल की मांग यूरोप के बाजारों में बढी
(4) अमेरिका का आर्थिक शक्ति के रूप में उभार
(5) 1929 की महान वैश्विक मंदी आदि।

इस प्रकार प्रथम विश्व युद्ध के रूप में हुए इस वैश्विक समर ने विश्व को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया।

(Write above this line only)

3. उन्नीसवीं शताब्दी के अन्त में ब्रिटिश भारत में उग्र-राष्ट्रवाद के उदय के कारणों को लिखते हुए उग्र राष्ट्रवादियों के सिद्धान्तों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
Write a brief note on the principles of extreme nationalists while writing the reasons for the rise of extreme nationalism in British India at the end of the nineteenth century.

भारत मे 19 शताब्दी के अन्त मे उत्पन्न उग्र राष्ट्रवाद जिसके नेता "लाल बाल पाल" माने जाते है, के एकाधिक कारण थे यथा
① उदार राष्ट्रवादियों की प्रार्थना, अपील व आंशिक प्रतिरोध से उत्पन्न असंतोष
② ब्रिटिश साम्राज्य की नीतियाँ - यथा प्रेस का दमन, तिलक व नाटू बन्धुओं की गिरफ्तारी, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 124A को 156A के रूप मे पुनः परिभाषित करना।
③ अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त मध्य वर्ग मे बेरोजगारी आदि के कारन असंतोष की व्याप्ति
④ अन्तर्राष्ट्रीय घटनाएं यथा फ्रांस की क्रांति, इटली का एकीकरण, इथियोपिया की क्रांति, जापान द्वारा इटली को पराजित करना
⑤ प्रेस एवम् साहित्य की भूमिका, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, बंकिमदा आदि का साहित्य
19वीं सदी के अन्त तक एक लाख के पास पास समाचार पत्र

उग्र राष्ट्रवाद के सिद्धान्त - ① प्रार्थना पत्र एवम् अनुनय की जगह निष्क्रिय प्रतिरोध पर बल
② ब्रिटिश वस्तुओं का बहिष्कार एवम् स्वदेशी को बढ़ावा
③ राष्ट्रीय संस्थाओं के निर्माण पर बल
④ शिवाजी, गणेश उत्सव आदि से राष्ट्रीयता की भावना का संचार

इस प्रकार 19वी सदी का उग्र राष्ट्रवाद उदार राष्ट्रवाद एवम् ब्रिटिश नीतियों की प्रतिक्रिया का परिणाम था।

(Write above this line only)

**Unit – II (यूनिट – II)** **(70 Marks)**

**Part – A (भाग - अ)** **(10 Marks)**

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. भारत में कृषि क्षेत्र हेतु प्रारम्भ की गई किन्हीं चार पहलों के नाम लिखिए।
Write the names of any four initiatives started for the agriculture sector in India.

① प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (2015)
② प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (2016) (2)
③ प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना (2015)
④ प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (2016)

(Write above this line only)

2. राजस्थान सरकार के बजट 2023-24 में 'युवा विकास एवं कल्याण कोष' के लिए प्रस्तावित राशि ( 500 करोड़ ) का व्यय वर्गीकरण लिखिए।
Write the expenditure classification of the amount (500 crores) proposed for 'Youth Development and Welfare Fund' in the budget 2023-24 of the Rajasthan Government.

इस कोष का वर्गीकरण निम्नानुसार है
① युवाओं का कौशल विकास 200 करोड़ रु
② युवाओं को रोजगार एवम् क्षमता संवर्द्धन 200 करोड़ रु
③ युवाओं हेतु जागरूकता 100 करोड़ रु

(1) शिक्षा, छात्रवृत्ति, एवं मैं बाधित समाधान उपलब्ध करवाना
→ क्षमता विकास, कौशल प्रशिक्षण
→ युवाओं के समग्र व्यक्तित्व विकास को सुनिश्चित करना
(1)

(Write above this line only)

3. प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना पर प्रकाश डालिए।
Throw light on Pradhan Mantri Shram Yogi Maandhan Yojana.

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 में शुरू की गयी इस योजना के तहत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 60 वर्ष पश्चात न्यूनतम 1000 रु (3000) पेंशन प्रदान करना है इस हेतु 18 से 40 वर्ष तक के श्रमिक 55 रु मासिक की न्यूनतम कटौती द्वारा इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। (1½)

(Write above this line only)

4. राजस्थान आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार वर्ष 2022-23 (अग्रिम अनुमान) सेवा क्षेत्र का प्रचलित मूल्यों पर उप-क्षेत्रवार वितरण बताइये।
According to Rajasthan Economic Review 2022-23, give the sub-sector wise distribution of service sector at current prices for the year 2022-23 (Advance Estimate).

सेवा क्षेत्र में उपक्षेत्र वार वितरण

(1) होटल व्यापार (2) रियल स्टेट (3) परिवहन
(4) बैंकिंग (5) लोक प्रशासन

NOTE:- उप-क्षेत्रवार प्रतिशत बताइये।

1

(Write above this line only)

5. अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना के उद्देश्य लिखिए।
Write the objectives of establishing the International Monetary Fund.

इसके उद्देश्य हैं - (1) अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक अनुशासन को बढ़ावा
(2) भुगतान संतुलन हेतु सहायता
(3) विनिमय दर का नियंत्रण (4) अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक सहयोग को बढ़ावा आदि।

→ वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना
→ वैश्विक मौद्रिक सहयोग को बढ़ावा देना

1

(Write above this line only)

Part – B (30 Marks)
भाग - ब (30 अंक)

Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.
नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

1. हाल ही में स्टार्ट-अप/कम्पनियों के सन्दर्भ में सुर्खियों में रही 'फ्लिपिंग व रिवर्स फ्लिपिंग' की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।
Explain the concept of 'Fliping and Reverse Fliping' which was in news recently in the context of start-ups/companies.

स्टार्ट अप के सन्दर्भ में फ्लिपिंग का अर्थ किसी स्टार्ट अप कम्पनी द्वारा अपनी सम्पूर्ण इकाई को विदेश में स्थानांतरित करना है, इससे उसके लाभों का भी स्थानान्तरण वही रिवर्स फ्लिपिंग से तात्पर्य - घरेलू सरकार से लाभों की प्राप्ति हेतु स्थानांतरित की गयी फर्म को पुनः मातृ देश में स्थानांतरित करना है, इस प्रकार की गतिविधियों से स्टार्ट अप विकास पारिस्थितिकी में बाधा एवम् नवाचारात्मक प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिलता है।

3½ Good

(Write above this line only)

2. 'गौशाला/पशुआश्रय स्थल जन सहभागिता योजना' पर प्रकाश डालिए।
Throw light on Gaushala/Pashu Ashray Sthal Jan Sahyogita Yojana.

गौशाला/पशुआश्रय स्थल जन सहभागिता योजना राजस्थान सरकार द्वारा शुरू की गयी है, इसमें जनसहभागिता द्वारा गौशाला स्थापना एवम् इनमें बायोगैस संयंत्रों की स्थापना हेतु सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। लाभ - ① आवारा गौवंश का संरक्षण
② बायोगैस से नवीकरणीय ऊर्जा
③ पर्यावरण अनुकूल उपाय

1½

→ प्रथम चरण में 1500 ग्रामपंचायतों में गौशाला निर्माण
→ लागत 1 करोड़ रुपये
90% राज्य सरकार वहन
10% कार्यकारी एजेन्सी द्वारा वहन किया जायेगा।

(Write above this line only)

3. विश्व व्यापार संगठन के मूलभूत आधारों/सिद्धांतों को लिखिए।
Write the basic foundations/principles of the World Trade Organization.

1995 में उरुग्वे दौर की वार्ताओं की समाप्ति के बाद वैश्विक व्यापार को गति देने के उद्देश्य से स्थापित विश्व व्यापार संगठन के सिद्धान्त हैं- (1) वैश्विक नियम आधारित व्यापार को बढ़ावा
(2) वैश्विक व्यापार में आ रही बाधाओं विवादों का सर्वसम्मति से निपटान करना।
(3) बौद्धिक सम्पदा अधिकारों का संरक्षण
(4) नकारात्मक वित्तीय/व्यापारिक गतिविधियों (डम्पिंग) की रोक
(5) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार सहयोग आदि।

राष्ट्रीय समानता का सिद्धान्त? Most favoured Nation का दर्जा?

(Write above this line only)

4. राजस्थान हस्तशिल्प नीति-2022 के उद्देश्यों व प्रावधानों को लिखिए।
Write the objectives and provisions of Rajasthan Handicraft Policy-2022.

17 सितम्बर 2022 को राज्य सरकार द्वारा घोषित इस नीति के तहत
(1) हस्तशिल्पियों को क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी तथा 2 लाख तक 7% ब्याज पर ऋण। (2) हस्तशिल्प यूनिट की स्थापना हेतु ऋण
(3) हस्तशिल्पियों का पंजीकरण एवम् पहचान पत्र
(4) हस्तशिल्पियों के बच्चों को हस्तशिल्प में कौशल विकास हेतु छात्रवृत्ति
(5) सामाजिक सुरक्षा के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की किश्त सरकार द्वारा भरी जाएगी
(6) जोधपुर में हस्तशिल्प डिजाइन सेन्टर एवम् जयपुर में हथकरघा निदेशालय की स्थापना (7) वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत हस्तशिल्प उत्पादों का विपणन
(8) दिसम्बर माह में हस्तशिल्प सप्ताह का आयोजन आदि।

पुरस्कार पर्व

(Write above this line only)

5. राजकोषीय सुदृढ़ीकरण को परिभाषित करते हुए राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के उपाय बताइये?
Define fiscal consolidation and tell the measures of fiscal consolidation?

राजकोषीय सुदृढ़ीकरण - राजस्व घाटा कम करने तथा राजकोषीय घाटा नियंत्रण हेतु सरकार द्वारा किये जाने वाले प्रयास राजकोषीय सुदृढ़ीकरण कहलाता है।

उपाय - ① कर/जीडीपी अनुपात को बढ़ाना
② कर अपवंचन रोकना एवम् कर आधार का विस्तार
③ पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी व राजस्व व्यय कम करना।
④ राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करना।
⑤ ऋण/जीडीपी अनुपात कम करना।

3

गैर अनिवार्य सब्सिडी को समाप्त करना

(Write above this line only)

6. भारत में वर्ष 1991 में हुए आर्थिक सुधारों के सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों को लिखिए।
Write the positive and negative effects of the economic reforms that took place in India in the year 1991.

भारत में वर्ष 1991 में हुए आर्थिक सुधारों के दोनो प्रभाव दृष्टिगोचर हुए यथा

| सकारात्मक प्रभाव | नकारात्मक प्रभाव |
|---|---|
| ① बाहरी निवेश एवम् तकनीक का भारत में प्रवेश | ① पर्यावरणीय अवक्रमण |
| ② विदेशी मुद्रा भण्डार में वृद्धि | ② विदेशी कम्पनियों सम्बन्धी कानूनी विवादों में वृद्धि |
| ③ इंस्पेक्टर राज की समाप्ति | ③ रुपये की विनिमय दर प्रभावित होने से मूल्य में गिरावट |
| ④ प्रतिस्पर्धा से जनता को गुणवत्ता युक्त सामग्री की प्राप्ति | ④ घरेलू कुटीर उद्योगों आदि को हानि। |
| ⑤ रोजगार क्षेत्र में वृद्धि | |

3

(Write above this line only)

Part – C

भाग - स

(30 x ...)

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 100 words each. Each Question carries 10 marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

1. राजस्थान इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति-2022 के उद्देश्य व प्रावधानों पर लेख लिखिए।

Write an article on the objectives and provisions of Rajasthan Electric Vehicle Policy-2022.

अधिसूचना 31 Aug. 2022 को जारी, 1 Sept 2022 से प्रभावी

राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में हरित मोबिलिटी एवम् इलेक्ट्रिक वाहनों को बढावा देने हेतु जुलाई 2022 में लायी गयी इस नीति के विभिन्न उद्देश्य व प्रावधान निम्न हैं -

उद्देश्य

1. सार्वजनिक परिवहन में हरित मोबिलिटी को बढावा देना
2. पर्यावरण संरक्षण हेतु इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढावा देना
3. व्यक्तिगत परिवहन में ऊर्जा संरक्षण उपायों को बढावा देना
4. राज्य में इलेक्ट्रिक व्हीकल उत्पादन बैटरी स्वेपिंग की पारिस्थितिकी का निर्माण करना। RIPS 2019 द्वारा प्रोत्साहन
5. इस क्षेत्र में नवीन रोजगारों का सृजन करना

प्रावधान - 1. अगले पाँच वर्षों में 5 लाख इलेक्ट्रिक वाहन यूनिट्स का निर्माण करना।

2. इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकरण में दुपहिया वाहन में 15% तिपहिया वाहन में 10% व चौपहिया वाहनों में 5% की बढोतरी करना।

3. इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशनों एवम् बैटरी स्वेपिंग स्थलों को

4. इलेक्ट्रिक वाहन के निर्माण को रिप्स 2022 के तहत सहायता सनराइज क्षेत्र में शामिल करना

निष्कर्ष : राज्य सरकार द्वारा लायी गयी यह नीति राज्य में ई-वाहन पारिस्थितिकी एवम् नवीकरणीय ऊर्जा तकनीक विकास में सहायक होगी।

5½

(Write above this line only)

2. केंद्रीय बजट 2023-24 के अनुसार अमृतकाल के उन चार मौकों/अवसरों पर प्रकाश डालिए जो विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक होंगे।

**According to the Union Budget 2023-24, throw light on those four opportunities of Amritkal which will help in realizing the dream of developed India.**

केन्द्रीय बजट 2023-24 के अनुसार अमृतकाल के निम्न चार अवसर विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक होंगे।

(1) महिलाओं का आर्थिक विकास
(2) पी.एम. विश्वकर्मा कौशल सम्मान
(3) युवाओं का विकास
(4) हरित विकास

(1) महिलाओं का आर्थिक विकास - इस हेतु लखपति दीदी योजना जिसमें महिलाओं को एक लाख रुपये/वर्ष कमाने योग्य बनाना, नमो ड्रोन दीदी, बीसी सखी, स्टेण्ड अप इण्डिया जैसी कई पहलें शुरू की गयी हैं, जो समावेशी विकास के अमृत काल के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगा।

(2) पी.एम. विश्वकर्मा कौशल सम्मान - विश्वकर्मा अर्थात कौशल से सम्बन्धित 18 जातियों के कौशल विकास हेतु प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल विकास योजना की शुरुआत 17 सितम्बर 2023 को की गयी है, जो अमृत भारत हेतु जनसांख्यिकीय लाभांश प्राप्त करने में सहायक होगा

(3) युवाओं का विकास - स्टार्ट अप इण्डिया कौशल विकास योजना आदि से युवाओं की क्षमताओं का विकास विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक होगा।

(4) हरित विकास - इस हेतु हरित हाइड्रोजन मिशन, ग्रीन बॉण्ड, इलेक्ट्रिक व्हीकल, सौर ऊर्जा विकास आदि पहलों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो विकसित भारत 2047 के संकल्प को सिद्ध करने में सहायक होगा।

6

(Write above this line only)

3. निम्न बिन्दुओं पर टिप्पणी लिखिए/प्रकाश डालिए।/Write comment on the following-

1. पेरिस वैश्विक जलवायु वित्तपोषण शिखर सम्मेलन व प्रमुख घोषणाएँ
Paris Global Climate Financing Summit and major announcements

2. सतत विकास समाधान नेटवर्क/Sustainable Development Solutions Network

NOTE:- Cop-27 की घोषणा पारस्परिक

22 June 2023 पेरिस

① पेरिस वैश्विक जलवायु वित्तपोषण शिखर सम्मेलन की प्रमुख घोषणाएँ - पेरिस में आयोजित इस शिखर सम्मेलन की घोषणाओं में :- ① हरित जलवायु फण्ड की राशि को 100 बिलियन डॉलर से अधिक करना एवम् विकसित राष्ट्रों को इसमें अपना हिस्सा प्रदान करने हेतु बाध्य करना
② वैश्विक नेटज़ीरो को को प्राप्त करने हेतु प्रयास
③ विकासशील राष्ट्रों में कार्बन क्रेडिट का प्रभावी उपयोग
④ कॉमन बट डिफरेंशिएट जिम्मेदारी के पालन हेतु प्रेरित करना
⑤ जलवायु वित्त की अवधारणा का विस्तार करना आदि।

3½

② सतत विकास समाधान नेटवर्क - संयुक्त राष्ट्र संघ की एक एजेन्सी के रूप में स्थापित इस संस्थान द्वारा सतत विकास से सम्बन्धित लक्ष्यों की निगरानी
→ वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट का प्रकाशन
→ सतत विकास के सम्बन्ध में आ रही बाधाओं की सुनवाई हेतु प्रयास
→ सतत विकास सूचकांक का प्रकाशन आदि कार्य किए जाते हैं।

UN के महासचिव बान की मून द्वारा 2012 में लॉन्च किया गया।

(Write above this line only)

**(Unit – III) (Section – A)** **(20 Marks)**

**(यूनिट – III) (सेक्शन – A)** **(20 अंक)**

**Part – A** **(10 Marks)**

**भाग – अ** **(10 अंक)**

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

**1.** प्रमुख समाजशास्त्री डॉ. राधाकमल मुखर्जी द्वारा बताए गये मूल्यों के प्रकार/नाम लिखिए।

**Write the types/names of values given by prominent sociologist Dr. Radhakamal Mukherjee.**

राधाकमल मुखर्जी के अनुसार मूल्यों के प्रकार है –
(1) साधन एवम् साध्य मूल्य (2) पारिवारिक एवम् व्यक्तिगत मूल्य
(3) सकारात्मक एवम् नकारात्मक मूल्य
(4) सामाजिक मूल्य

0

(Write above this line only)

**2.** अक्षय रमण लाल देसाई के अनुसार भारतीय राज्य की प्रकृति किस प्रकार की है?

**What is the nature of Indian state according to Akshay Raman Lal Desai?**

अक्षय रमण लाल देसाई के अनुसार भारतीय राज्य की प्रकृति धर्मनिरपेक्ष एवम् सर्वधर्म समभाव वाली है। यहाँ परम्पराओं एवम् आधुनिकता का सम्मिश्रण पाया जाता है।

0

(Write above this line only)

**3.** जाति की उत्पत्ति के सन्दर्भ में प्रतिपादित 'एकीकृत सिद्धान्त'

**'Integrated theory' propounded in the context of origin of caste**

प्रतिपादक – हट्टन

जाति की उत्पत्ति के इस सिद्धान्त के अनुसार जाति का विकास एकाधिक कारणों से हुआ है जिनमें धार्मिक (ऋग्वेद की वर्ण व्यवस्था) सामाजिक राजनीतिक (ब्राह्मणों का प्रभुत्व) टोटम व्यवस्था आदि कारक प्रमुख है।

1

(Write above this line only)

4. वर्ग व्यवस्था के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों/अवगुणों को लिखिए।
Write the challenges/demerits faced by the class system.

वर्ग व्यवस्था की चुनौतियां - ① दिशाहीन पश्चिमीकरण को बढ़ावा
② वर्ग संघर्ष को बढ़ावा
③ समाज में अलगाववाद को बढ़ावा
④ श्रेष्ठता एवम् हीनता की भावना को बढ़ावा देना आदि हैं।

भौतिकवाद, उपभोक्तावाद व व्यक्तिवाद के मूल्यों को महत्ता मिलना

1½

(Write above this line only)

5. तलाक के सकारात्मक प्रभावों को लिखिए।
Write the positive effects of divorce.

1½

① कानून द्वारा मान्यता प्राप्त होने से महिला को भरण पोषण का अधिकार प्राप्त हो जाता है।
② महिला की घरेलू हिंसा तनाव आदि से रक्षा
③ कानूनी तलाक के बाद पुरुष अथवा महिला दूसरे विवाह हेतु स्वतंत्र होते हैं।

तलाक समानता के सिद्धान्त को स्थापित करता है

(Write above this line only)

Part – B
भाग - ब

(10 Marks)
(10 अंक)

Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

1. वैश्वीकरण/भूमण्डलीकरण के आर्थिक व तकनीकी आयामों को लिखिए/पर प्रकाश डालिए।
Write/highlight the economic and technical dimensions of globalization.

② नकारात्मक प्रभाव भी बताइए

वैश्वीकरण प्रमुख रूप से आर्थिक पक्ष पर अधिक प्रभाव डालता है इसके आर्थिक आयामों में ① श्रम का मुक्त प्रवाह ② पूंजी का मुक्त प्रवाह ③ वस्तुओं का मुक्त प्रवाह एवम् ④ सेवाओं का मुक्त प्रवाह शामिल है तथा आर्थिक रूप से विश्व की अन्तर्निर्भरता का यह दर्शाता है।
तकनीकी आयामों में - ① सूचना प्रौद्योगिकी के प्रभाव से वैश्विक गांव की अवधारणा ② यातायात एवम् संचार के माध्यम से सहज एवम् त्वरित संचार आदि वैश्वीकरण को दर्शाते हैं।

(Write above this line only)

2. वर्तमान में दलित समुदायों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं को लिखिए तथा दलित समुदायों के उत्थान के लिए भारतीय संविधान में उल्लेखित प्रावधानों को लिखिए।
Write the problems faced by Dalit communities at present and write the provisions mentioned in the Indian Constitution for the upliftment of Dalit communities.

दलित समुदाय द्वारा सामना की जाने वाली समस्याएं
① भेदभाव एवम् असमानता की भावना ② नौकरियां मिलने के बावजूद उच्चवर्ग द्वारा ग्लास सीलिंग प्रभाव
③ बहिष्कार ④ जातीय विद्वेष ⑤ दलित चेतना के विकास से दलितों के प्रति बढ़ता वैमनस्य

③

संवैधानिक प्रावधान - ① संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 18 से समानता का अधिकार
② अनुच्छेद 16 के तहत लोक नियोजन में आरक्षण
③ अनुच्छेद 46 के तहत इनके उत्थान हेतु राज्य के कर्त्तव्य
④ अनुच्छेद 330, 331 के तहत विशेष प्रावधान आदि।

(Unit – III) (Section – B) (20 Marks)

(यूनिट – III) (सेक्शन – B) (20 अंक)

Part – A (10 Marks)

भाग - अ (10 अंक)

Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. उच्च स्तरीय प्रबंधन के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लिखिए।
Write the functions performed by high level management.

उच्च स्तरीय प्रबन्धन द्वारा किये जाने वाले कार्य है -
(1) सङ्गठन में नियोजन (2) आदेश देना (3) निर्देशन
(4) नियंत्रण (5) समन्वय आदि

(Write above this line only)

1 → बाहरी लोगों से संबंध स्थापित करना → संगठन में लक्ष्यों का निर्धारण → संसाधनों का एकत्रीकरण करना

2. आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के उद्देश्य लिखिए।
Write the objectives of supply chain management.

आपूर्ति श्रृंखला प्रबन्धन के प्रमुख उद्देश्य - (1) सही समय पर सही स्थान पर सही मात्रा में वस्तु/सेवा की आपूर्ति
(2) ग्राहकों की संतुष्टि (3) संस्था को प्रतिस्पर्धी बनाए रखना
(4) लाजिस्टिक लागत एवम् समय को कम करना
(5) ग्राहक सूचना का प्रबन्धन

(Write above this line only)

1 → उत्पादन लागत कम करके लाभ कमाना → उत्पाद के सन्दर्भ में बाजार में उत्पन्न प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाना

3. पूँजी संरचना का 'शुद्ध आय सिद्धान्त' पर टिप्पणी लिखिए।
Write a note on 'Net Income Theory' of capital structure.

पूँजी संरचना के अन्तर्गत शुद्ध आय का सिद्धान्त यह बताता है कि पूँजी सरचना इस प्रकार होनी चाहिए जिसमें न्यूनतम जोखिम हो, न्यूनतम प्रत्याय देनी पड़े, स्वामित्व से समझौता नहीं हो, एवम् पूँजी संरचना में पर्याप्त लोच बना रहे।

0

(Write above this line only)

4. संगठन में 'रचनात्मक संघर्ष' का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।
Explain the meaning of "constructive conflict" in an organization.

सङ्गठन में रचनात्मक संघर्ष का सिद्धान्त मैरी पार्कर फॉलेट द्वारा दिया गया है। इसके अनुसार किसी सङ्गठन में संघर्ष अच्छा या बुरा नहीं होता बिजली के घर्षण सिद्धान्त की तरह ही इसका रचनात्मक उपयोग होना चाहिए जो सङ्गठन को अन्तर्जीवी बनाता है।

→ संगठन में नीतियों व कार्यपद्धतियों मे सुधार के लिए [illegible]वाद-विवाद-विवाद के परिणामस्वरूप उत्पन्न रचनात्मक विरोधों/विवाद को संगठन में समावेश कर लिया जाता है जो रचनात्मक संघर्ष प्रबंधन कहा जाता है

(2)

(Write above this line only)

5. वर्तमान में भारत में कितनी डिपॉजिटरी संस्थाएं कार्यरत हैं, नाम लिखिए।
How many depository institutions are currently operating in India, write their names.

भारत में वर्तमान में दो डिपॉजिटरी संस्थाएं है -

(1) राष्ट्रीय सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL)

(2) केन्द्रीय डिपोजटरी एवड सिक्योरिटीज लि. (CDSL)

(2)

(Write above this line only)

## Part – B
## भाग - ब

(10 Marks)
(10 अंक)

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

1. "टीम, समूह से किस प्रकार भिन्न है?" स्पष्ट कीजिए।
"How is a team different from a group?" Explain.

टीम | समूह

टीम एवम् समूह कई मामलों में भिन्न होते हैं
टीम में जहाँ सदस्यों की संख्या नियत होती है वहीं समूह का आकार बड़ा होता है।
टीम एक ही प्रकार की होती है वहीं समूह औपचारिक/अनौपचारिक व्यक्तिपरक सहयोगी प्रतियोगी कई प्रकार का हो सकता है।
टीम का निर्माण अल्पकाल के लिए होता है वहीं समूह दीर्घकालीन अथवा अल्पकालीन दोनों प्रकार के हो सकते हैं।

2

(Write above this line only)

2. भारत में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लक्ष्य से संचालित 'स्टार्टअप भारत' के घटकों को लिखिए।
Write the components of 'Startup India' which is aimed at promoting startups in India.

16 जनवरी 2015 को भारत सरकार द्वारा स्टार्टअप एवम् नवप्रवर्तन संस्कृति के देश में विकास हेतु शुरू किये गये स्टार्टअप इण्डिया के तीन घटक हैं

3 good

| ① स्टार्टअप को विकास हेतु सहायता | ② वित्तीय एवम् तकनीकी सेवा | ③ इण्डस्ट्री एकेडमिया लिंकेज |
|---|---|---|
| → स्टार्टअप का इन्क्यूबेशन | → सीड फण्ड एवम् स्केल अप फण्ड हेतु सहायता | → स्कूलों कॉलेजों आदि में स्टार्टअप हेतु जागरूकता |
| → सहाकारी सेवाएँ | → तकनीकी सेवाए ~~फण्ड आदि फण्ड~~ | → औद्योगिक संस्थानों का भ्रमण आदि |
| → पेटेन्ट आवेदन हेतु सहायता | | |

(Write above this line only)

(Unit – III) (Section – C) (20 Marks)

(यूनिट – III) (सेक्शन – C) (20 अंक)

Part – A (10 Marks)

भाग - अ (10 अंक)

Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.

सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. 'वित्तीय विश्लेषण की 'ड्यू-पान्ट' विधि पर टिप्पणी लिखिए।

Write a note on the 'Du-Pont' method of financial analysis.

अमेरिका की ड्यू पान्ट कम्पनी द्वारा प्रचलित वित्तीय विवरण विश्लेषण की इस विधि के अनुसार वह वित्तीय निर्णय बेहतर होता है जिसमें प्रत्याय दर न्यूनतम होती है।

प्रत्याय दर = $\frac{\text{कुल सम्पत्ति}}{\text{कुल देयताए}} \times \frac{\text{कुल देयताए}}{\text{शुद्ध देयताए}} \times \frac{\text{शुद्ध देयताए}}{\text{शुद्ध लाभ}}$

1

(Write above this line only)

2. अंकेक्षण के प्राथमिक उद्देश्य बताइये।

State the primary objectives of audit.

अंकेक्षण के प्राथमिक उद्देश्य - (1) संस्था के वित्तीय विवरणों की सत्यता की जाँच करना।

वैधानिकता का पता लगाना

(2) वित्तीय विवरणों में अशुद्धि अथवा गबन का पता लगाना

(3) व्यवसाय की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करना।

1½

(Write above this line only)

3. निष्पादन बजटिंग में निहित दोषों को उल्लेखित कीजिए।

Mention the flaws inherent in performance budgeting.

केवल आर्थिक पहलू पर केन्द्रित

(1) निष्पादन बजटिंग एक समयसाध्य प्रक्रिया है।

1½

(2) इसके लिए दक्ष मानव संसाधन आवश्यक

(3) इसके कार्यान्वयन हेतु विशेषज्ञ लोकसेवकों की आवश्यकता

(4) यह उच्चाधिकारी - अधीनस्थ की भावना द्वारा संगठन में विद्वेष को बढ़ावा देता है।

संगठन में कार्यरत अधिनस्थों की न्यूनतम सहभागिता

(Write above this line only)

4. प्रवृति प्रतिशत की गणना का सूत्र लिखिए।
**Write the formula for calculating the trend percentage.**

प्रवृत्ति प्रतिशत किसी संस्था के वित्तीय स्थिति में कई वर्षों के वित्तीय प्रवाह को मापने की विधि है।

प्रवृत्ति प्रतिशत = संस्था की कुल सम्पत्ति / कुल देयताएँ × 100

0

(Write above this line only)

5. आधुनिक विचारधाग के अनुसार वित्तीय विवरणों के प्रकारों को नामोल्लेखित कीजिए।
**Name the types of financial statements according to modern ideology.**

आधुनिक विचारधारा के अनुसार वित्तीय विवरणों के प्रकार
(1) ड्यूपॉन्ट विश्लेषण (2) अनुपात विश्लेषण
(3) सम विच्छेद बिन्दु विश्लेषण (4) प्रवृत्ति विश्लेषण आदि।

0

(Write above this line only)

Part – B (10 Marks)

भाग - ब (10 अंक)

Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

1. उत्तरदायित्व लेखांकन के विभिन्न केन्द्रों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

Write a short note on various centres of responsibility accounting.

उत्तरदायित्व लेखांकन में चार केन्द्र होते है जो है

(1) लागत केन्द्र → यह संस्था की समस्त प्रत्यक्ष एवम् अप्रत्यक्ष लागतों को निर्धारित करने का केन्द्र होता है।

(2) निवेश केन्द्र → संस्था में किए गये समस्त निवेशों का लेखांकन

(3) राजस्व केन्द्र - यह लागत एवम निवेश दोनों को मापने वाला केन्द्र होता है।

(4) लाभदायकता केन्द्र → संस्था के समस्त प्रत्यक्ष एवम् अप्रत्यक्ष लागतों को निकालने के बाद, शेष लाभ का लेखांकन इस केन्द्र द्वारा किया जाता है।

3½

Good

(Write above this line only)

20. शून्य आधारित बजटिंग को परिभाषित करते हुए इसके गुण व दोषों को लिखिए।

Define zero based budgeting and write its merits and demerits.

शून्य आधारित बजटिंग → पीटर ए पायर द्वारा प्रवर्तित इस बजट के तहत किसी मद में बजट का आवंटन लागत लाभ विश्लेषण के बाद प्रतिवर्ष शून्य आधार पर किया जाता है।

गुण - (1) यह वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा देता है।

(2) संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग को बढ़ावा देता है।

दोष - (1) समय साध्य एवम् जटिल प्रक्रिया

(2) इस हेतु दक्ष मानव संसाधन की आवश्यकता

(3) प्रतिवर्ष नये सिरे से गणना करना कठिन।

3

(Write above this line only)